शूटिंग | केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शूटिंग शिविर जारी

# लड़कियों ने कुछ कर दिखाने के लिए संभाली राइफल



**जबलपुर, 20 मई।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शूटिंग (निशानेबाजी) के प्रशिक्षण ने लड़कियों को आकर्षित किया है।

शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु की छह लड़कियों के साथ नौ लड़के भी ओपन साइट एअर राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने जानकारी दी कि जबलपुर में सिर्फ केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा ही ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत गन फॉर ग्लोरी की स्थानीय शाखा के सहयोग से शूटिंग का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है।

### नगर की चार महिला शूटर बनी प्रेरणा

जबलपुर की चार महिला शूटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 37 पदक जीतने के बाद यहां की लड़कियों की रूचि निशानेबाजी में बढ़ी है। जबलपुर की श्रेया अग्रवाल, महिमा अग्रवाल, रूबिना फ्रांसिस व गौतमी भनोत ने पिछले कुछ वर्षों में शूटिंग में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसका परिणाम यह है कि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में छह लड़कियां हिस्सा ले रही हैं।

### 10 मीटर शूटिंग का दिया जा रहा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक रितिक तिवारी ने बताया कि शिविर में ओपन साइट एअर राइफल से 10 मीटर शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 10 मीटर शूटिंग स्पर्धा खासी लोकप्रिय स्पर्धा मानी जाती है। प्रतिदिन निशांत बावरिया व विवेक सराठे 15 प्रतिभागियों को गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### लड़कियां शूटिंग में अपना कैरियर बनाना चाहती है

शिविर में शामिल लड़कियों का कहना है कि वे सुव्यवस्थित प्रशिक्षण प्राप्त कर शूटिंग में अपना कैरियर बनाना चाहती हैं। उन्हें शूटिंग में अन्य खेलों की तुलना में कैरियर ज्यादा बेहतर महसूस होता है। उनका कहना है कि टीम खेलों की तुलना में व्यक्तिमगत स्पर्धा में आगे बढ़ने के मौके ज्यादा हैं। एक प्रतिभागी लड़की का कहना है कि प्रशिक्षण के दौरान राइफल पकड़ने से उनको सशक्त होने की भावना भी आती है।



# एमएच क्लब की 78 रन से आसान जीत

अण्डर 14 वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता

**जबलपुर 20 मई।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अण्डर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गए पहले मैच में एमएच क्लब ने इनफिनिटी क्रिकेट क्लब को 78 रन से हराया।

मैच के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हरेंद्र सिंह बब्बू एवं रांची एसडीएम ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर टॉस कर मैच प्रारंभ कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएच क्लब ने 24.1 ओवर सभी विकेट खोकर 154 रन बनाए। सर्वाधिक 53 रन समर्थ पांडे ने बनाए। दिव्यांग और आरुष ने 21-21 रन का योगदान दयिा। टीम इंफिनिटी की तरफ से अश्विन ने तीन विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इनफिनिटी की टीम सभी विकेट खोकर 76 रन ही बना सकी। टीम की तरफ से सर्वाधिक 12 रन अयान ने बनाए। आर्यवीर ने 4, अनंत और समर्थ ने तीन-तीन विकेट लिए। एमएच क्लब के समर्थ पांडे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समापन समारोह के मुख्य अतिथि किशोर बेन द्वारा दिया गया। मैच में निर्णय की भूमिका अंकित यादव और गौरव संसारी ने निभाई।

# किंग हिटर, इंडिया पोस्ट और स्टाइल बॉयज की जीत

स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वावधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए किंग हिटर, इंडिया पोस्ट और स्टाइल बॉयज की टीमों ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में किंग हिटर की टीम ने आर. जी. बॉयज को 2 विकेट से पटखनी दी। आर जी बॉयज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 85 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग हिटर की टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 9.3 ओवरों में ही 2 विकेट शेष रहते 88 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम की इस रोमांचक जीत में



विनय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 19 गेंदों पर 33 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके लिए उन्हें पहले मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### इंडिया पोस्ट की धमाकेदार जीत

दूसरे मुकाबले में इंडिया पोस्ट की टीम ने शिव 11 के खिलाफ 8 विकेट से एकतरफा और धमाकेदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए शिव 11 की टीम ने 10 ओवरों में 78 रन बनाए थे। जवाब में उतरी इंडिया पोस्ट की टीम ने मैच की दूसरी पारी में विध्वंसक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और मात्र 6.2 ओवरों में 80 रन बनाकर मैच अपनी झोली में डाल लिया। टीम के बल्लेबाज अंकित ने महज 26 गेंदों पर 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया, और वे दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच बने। तीसरे और अंतिम मुकाबले में स्टाइल बॉयज की टीम ने क्लाइंबर्स 11 को 37 रनों के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी। स्टाइल बॉयज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 10 ओवरों में 104 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांग दिया, जिसमें अतुल ताम्रकार ने महज 25 गेंदों में 52 रनों का विस्फोटक योगदान दिया। पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्लाइंबर्स 11 की टीम स्टाइल बॉयज की सधी हुई गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आई और 10 ओवरों में केवल 67 रन ही बना सकी। बेहतरीन अर्धशतक जड़ने वाले स्टाइल बॉयज के खिलाड़ी अतुल तीसरे मुकाबले के मैन ऑफ द मैच रहे। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के अधिकारी के गिरीश, अरुण दुबे, अजय चौहान एवम मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। मैचों में निर्णायक की भूमिका निखिल यादव, कमलेश तिवारी, जसवंत रावत, भूपेंद्र गोंटियां, मुकेश मैडी एवम अपूर्व श्रीवास्तव ने निभाई, जबकि कॉमेंटेटर के रूप में ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह एवं सुनील खत्री और स्कोरर के रूप में अनुज मिश्रा एवम चंदन पटेल रहे।

# मानसिक शांति, आत्मीय संतुलन के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सहज योग ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण, तनाव प्रबंधन तथा आत्मघाती प्रवृत्तियों की रोकथाम के लिए किया गया, जिसके तहत नेशनल टास्क फोर्स, स्टेट टास्क फोर्स तथा जिला टास्क फोर्स राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन एवं सकारात्मक जीवन-दृष्टि का संवर्धन करना है।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षिका संध्या करमरकर ने माँ निर्मला देवी द्वारा प्रतिपादित सहज योग की अवधारणा, उसके वैज्ञानिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सहज योग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, जहाँ ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा के अनुभव साझा किए गए। इस सत्र में मीना शर्मा, वर्षा यादव एवं शोभा गुप्ता ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापकगण, सहायक प्राध्यापक, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण को प्राचार्य ने बताया जरूरी

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वदी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ. मृत्युजंय सिंह, डॉ. रुपेन्द्र गौतम, डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. संघप्रिया तिवारी और डॉ. मीनाक्षी मेरावी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# जीसीएफ में कर्मचारियों का महासंकल्प

इंटक की द्वार सभा आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों के भविष्य और उनकी सेवा शर्तों को लेकर आज गन कैरिज फैक्ट्री (जी.सी.एफ.) के विद्या नगर में इंडियन नेशनल डिफेंस वर्कर्स फेडरेशन (आई.एन.डी. डब्ल्यू.एफ.) के तत्वावधान में एक विशाल द्वार सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित जबलपुर इंटक और जी.सी.एफ. कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित रखने और उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर जाकर संघर्ष करने का शंखनाद किया।

### सेवा शर्तों और अधिकारों पर मुख्य वक्ता का संबोधन

द्वार सभा को मुख्य वक्ता के रूप



में संबोधित करते हुए आई.एन.डी.डब्ल्यू.एफ. के उपाध्यक्ष अरुण दुबे ने नेशनल काउंसिल की बैठक में कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर हुई चर्चा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निगमीकरण, डीम्ड डेपुटेशन और पेंशन जैसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दों पर कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कर्मचारी जब तक स्वयं 'सेल्फ विलिंगनेस' (स्वैच्छिक सहमति) नहीं देता, तब तक वह केंद्र सरकार का कर्मचारी ही रहेगा; यह उसका मूल अधिकार है जिसे कोई भी उससे छीन नहीं सकता।

### भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे

इस महत्वपूर्ण द्वार सभा में जी.सी.एफ. कर्मचारी यूनियन (इंटक) के अध्यक्ष संतराम रजक, महामंत्री सिद्धार्थ ठाकुर, हिमांशु कुमार, अब्दुल वारिस, संतोष शर्मा, नरेश पाल, सुशील शर्मा, आशीष रंजन, फिरोज मंसूरी, अजय मिश्रा, बीपी दहिया और मनोज चौबे सहित भारी संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जबलपुर इंटक के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, राकेश रंजन, अनिल गुप्ता, संतोष सोनी, हृदेश यादव और संतोष सिंह ने भी कर्मचारियों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की बात दोहराई।

# चोरी की घटना में संदिग्धों के बयान दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार पुलिस थानांतर्गत कजरवारा पुरानी बस्ती में हुई चोरी की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के निर्देश पर बुधवार को थाना प्रभारी कपिल शर्मा ने पीड़ित पक्ष के घर जाकर जांच शुरू की और संदिग्धों को पूछ ताछ के लिए थाने बुलाकर ब्यान दर्ज करवाए। क्षेत्रीय जनता का कहना है कि गोराबाजार थाने में पुलिस कर्मचारी की संख्या कम होने के कारण भी यहां लगातार हो रहे अपराध पर लगाम नहीं लग पा रही है। कंधी लाल उपाध्याय, लक्ष्मी दास बैरागी, शैलेश उपाध्याय, राजेश उपाध्याय, प्रीतम प्रधान, संदीप सोनी, राहुल पटेल,ने जबलपुर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय से चोरी करने वालों को गिरफ्तार कर समान की बरामदगी करने की मांग की है।


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की Spelling KRISHAN KUMAR GUPTA है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे नाम की spelling KRISHNA KUMAR GUPTA है अतः मुझे मेरे इसी नाम KRISHNA KUMAR GUPTA के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा- लिखा जावे

पुराना नाम ( गलत स्पैलिंग )
KRISHAN KUMAR GUPTA
नया नाम ( सही स्पैलिंग )
KRISHNA KUMAR GUPTA

## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

(ई-निविदा सूचना संख्या वरि.-भण्डार आपूर्ति हेतु वरि.मं.सा.प्रबं./ई.पी.एस./49/2026)

वरि. मं. सा.प्रबं -प.म.रे. भारत के राष्ट्रपति कि ओर से 'ई' खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिए /https://ireps.gov.in पर ई निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **Tender No. :** 94265403A, **Short Description :** Manufacture and supply of Fittings Thick Web Switch for 1 in 12 Turnout BG (1673mm) for 60 Kg on PSC Sleepers to RDSO Drg. No. T.6155 (Alt-13) with latest alteration, **Tendered Qty. :** 100 SET, **Opening Date :** 08-06-2026.

हस्ता.
वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक,
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

लोककर्म विभाग

//पंचम निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO-206 Date- 20/05/2026 | वार्ड क्र.72 के अंतर्गत सर्वे ऑफ इंडिया कवाटर्स के पास बनी नई कंक्रीट सड़क के बाजु में फुटपाथ पर पेवर ब्लाक लगाने हेतु। | 02 माह | 2000/- | 01/06/2026 |
| | 2026_UAD_509145_1 | | ₹.2.40 लाख | 2400/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर

## मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड

Phone No. 0761-2970571, Email ID- mpez.training@gmail.com

अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत आई.टी.आई. ट्रेड अप्रेंटिस (एक वर्षीय) के आवेदन हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिये जिन्होंने दसवीं कक्षा के साथ आई.टी.आई. (एन.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी.) उत्तीर्ण की हो, से अप्रेन्टिस एक्ट 1961 के अंतर्गत कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), इलेक्ट्रीशियन, स्टेनोग्राफर (हिन्दी) में शिक्षुता प्रशिक्षण (एक वर्षीय) हेतु आवेदन आमंत्रित करती है। एन.ए.पी.एस. पोर्टल द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 25/06/2026 रात 11:59 बजे तक है। कुल रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ट्रेड | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 20 | 9 | 11 | 15 | 55 |
| 2. | इलेक्ट्रीशियन | 31 | 13 | 17 | 22 | 83 |
| 3. | स्टेनोग्राफर (हिन्दी) | 5 | 2 | 2 | 3 | 12 |
| | कुल | 56 | 24 | 30 | 40 | 150 |

नोट विस्तृत विवरण कंपनी की वेबसाइट www.mpez.co.in पर देख सकते है।

मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर

## पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा, विद्युत (सामान्य शाखा)

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है । **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 03-2026 दिनांक 04.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में पैनल कक्ष की व्यवस्था करना, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 516186.43, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 10300.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15. 00 बजे तक) :** 26/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 26/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 04-2026 दिनांक 04.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** तीन विविध विद्युत कार्यः (1) न्यू जीएम कोर बिल्डिंग/जेबीपी स्थित स्टोर विभाग मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष, कक्ष और प्रवेश द्वार की मरम्मत/सुधार। (ii) एडेन (मुख्यालय) जेबीपी के अधीन जेबीपी में श्वेतांबरी विश्राम गृह परिसर में शौचालयों और अन्य विविध कार्यों सहित श्वेतांबरी विश्राम गृह का सुधार/नवीनीकरण। (iii) एडेन (मुख्यालय) जेबीपी उपमंडल के अधीन जबलपुर स्थित नियंत्रण कार्यालय के भूतल और प्रथम तल पर फर्श, दीवार, प्लास्टर और शौचालयों आदि की मरम्मत और सुधार।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 3660732.97, **बयाना राशि रूपये :** Rs.73200.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 26/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 26/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 06-2026 दिनांक 05.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** दो विविध विद्युत कार्य (1) न्यू कटनी जंक्शनः प्रस्थानं यार्ड एनकेजे के बुनियादी ढांचे में सुधार (ii) न्यू कटनी जंक्शन आरओएच शेड और सीडब्ल्यूएसएमएफ में एपॉक्सी फ्लोरिंग के साथ जल निकासी में सुधार, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 2354656.51, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 47100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 28/05/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 28/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 07-2026 दिनांक 05.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** केटीई : एडीइएन (एम) केटीई उपमंडल के अंतर्गत मौजूदा पार्सल कार्यालय को ध्वस्त किए जाने के स्थान पर कटनी स्टेशन पर नए पार्सल कार्यालय का निर्माण।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 970382.21, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 19400.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15. 00 बजे तक) :** 28/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 28/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 08-2026 दिनांक 05.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** जेबीपी डिवीजन में ऊर्जा संरक्षण के लिए रनिंग रूम में मास्टर कंट्रोल स्विचिंग व्यवस्था का प्रावधान।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 6271815.67, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 125400.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15. 00 बजे तक) :** 28/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 28/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 09-2026 दिनांक 06.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** एडेन/मुख्यालय/जेबीपी उपमंडल के अंतर्गत जबलपुर स्थित रेल सौरभ कॉलोनी (चरण-1) में 10 यूनिट आरबी-वी क्वार्टर (G+5) का निर्माण।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 5485693.82, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 109700.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 10-2026 दिनांक 06.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** डब्ल्यूसीआर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले कान्हा स्थित अधिकारी विश्राम गृह में दो कमरों का सुधार कार्य।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 1524840.58, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 30500.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 11-2026 दिनांक 06.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** सुधार एवं उन्नयन कार्य (i) जबलपुर में रेल सौरभकॉलोनी, लोको तलैया, मिलेनियम कॉलोनी, डीआरएम कार्यालय, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया आदि में पार्कों का सुधार (ii) एडीईएन (पीपीआई) उपमंडल के अंतर्गत पिपरिया में आरपीएफ बैरक का फर्नीचर सहित उन्नयन/संशोधन, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 2690962.32, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 53800.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र.: जबल-एल-टी-न 12-2026 दिनांक 06.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** जेबीपी डिवीजन द्वारा हाईमास्ट का नवीनीकरण, जिसमें ट्रांसफार्लर को सर्कुलेटिंग एरिया में स्थानांतरित करना और डीजी सेट को स्थानांतरित करना शामिल है।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में) :** Rs. 13205925.51, **बयाना राशि रूपये :** Rs. 264100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 29/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 29/05/2026, **सभी निविदाओं में निविदा फार्म की कीमत (रूपये में) :** 0.00, **सभी निविदाओं के कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है। :** वरि मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

हस्ता.
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर